मनमानी ▶ सड़क की गिट्टियां उखड़ चुकी, जगह-जगह हो गए गड्ढे

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी नवनिर्मित सीसी सड़क

**अमरपुर नवभारत 12 दिसंबर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत परसेल में मुख्य मार्ग से ग्राम पंचायत की ओर जाने वाले मार्ग में 15वें वित्त आयोग की राशि 6 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य किया गया। इस निर्माण कार्य का भूमि पूजन क्षेत्रीय सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते द्वारा 25 जनवरी 2025 को किया गया था।

इस सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण की स्थिति दयनीय हो चुकी हैं। पूरे सड़क की गिट्टियां उखड़ चुकी हैं। जिस निर्माण कार्य से ग्रामीण दुखी हैं। इसको लेकर ग्रामीणों द्वारा जनपद में पदस्थ सहायक यंत्री से भी शिकायत करने की बात कह रहे हैं।

### बारिश के कारण सड़क उखड़ गई : मरकाम

यह भी कह रहे हैं कि सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमित्ता बरती गई हैं, यहां तक की सड़क में तराई नहीं की गई हैं। इस वजह से सड़क उखड़ रही हैं। इस संबंध में सचिव प्रहलाद सिंह मरकाम का कहना हैं कि सड़क निर्माण होते ही बारिश होने के कारण सड़क उखड़ रही हैं। पंचायत में निर्णय लिया हैं कि सड़क का मरम्मत किया जाकर सुधार दिया जाएगा।



**हाट बाजार के चबूतरा निर्माण में भी की गई अनियमितता**

इसी प्रकार ग्राम पंचायत परसेल में इनके अलावा भी हाट बाजार में चबूतरा निर्माण कार्य में भी भारी आनियमितता के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं। इसके साथ ही ग्रामीणों का यह भी कहना हैं कि ग्राम पंचायत द्वारा किए गए निर्माण कार्यों की पुन: मूल्यांकन ग्रामीणों के समक्ष किया जाए। सीमेंट कांक्रीट सड़क जो मुख्य मार्ग से जिसका भूमि पूजन सांसद द्वारा किया गया हैं। वह इतना निम्न स्तर का हैं तो दूरस्थ क्षेत्र का क्या होगा इसी से सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं।

**इनका कहना है**

सड़क खराब होने की जानकारी है। तराई नहीं होने से सड़क उखड़ रही है, मरम्मत करा दी जाएगी।

**प्रियंका मरावी**
**सहायक यंत्री, अमरपुर**





# खरीदी केंद्र में फटे वारदानों से किसान हो रहे परेशान

▶ अमरपुर धान खरीदी केंद्र का मामला

**अमरपुर नवभारत 12 दिसंबर।** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जा रहा हैं। खरीदी केंद्र अमरपुर जो आदिशक्ति वेयर हाउस नांदा में संचालित हैं, जहां शासन द्वारा बहुत ही निम्न स्तर के वारदाने भेजे गए हैं।

जानकारी के अनुसार 2 दिसंबर को सिद्धि विनायक राइस मिल द्वारा खाली वारदाने की 305 गठान भेजी गई थी। जिसकी संख्या की जानकारी नहीं हैं। अब संस्था के मजदूरों से छटनी कराई गई तब कुल 8900 बोरियां साबूत निकली, जबकि अन्य फटे वारदानों की मजदूरों द्वारा सिलाई की जा रही हैं। किसानों का कहना हैं कि फटे बोरी में धान भरने से नीचे गिर जाता हैं, जिसे उठाना संभव नहीं हैं, जोकि उनकी आर्थिक क्षति ही माना जा रहा हैं। बोरी छांटने, सिलने और भरने में समय भी अत्याधिक लग रहा हैं। संस्था को भी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा हैं। इन्हीं बोरियों में 1000 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी हैं।

### खरीदी प्रभावित होने की संभावना

धान खरीदी केंद्रों में ऐसी ही स्थिति रही तो आने वाले सप्ताह में वारदाने के अभाव के चलते खरीदी प्रभावित होने की संभावना हैं। खरीदी केंद्र में अन्य व्यवस्था से किसान संतुष्ट नजर आ रहे हैं। इस वर्ष उत्पादन अधिक होने के कारण धान की आवक भी अधिक हैं और किसानों का पंजीयन कम होने के कारण किसान शेष धान बेचने परेशान हो रहे हैं। इस संबंध में किसानों द्वारा प्रति हेक्टेयर निर्धारित खरीदी मात्रा बढ़ाने की मांग की गई थी। इस समस्या से भी किसान जूझ रहे हैं।




# झगरहटा के विद्यार्थियों ने सीखे जैविक खेती के गुर

▶ किसान घर पर आसानी से बना सकते हैं बहुउपयोगी जैविक उत्पाद

**शहपुरा नवभारत 12 दिसंबर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झगरहटा विकास खण्ड शहपुरा के 40 विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत नर्मदांचल गौ सेवा समिति ग्राम ढोंढ़ा मे लाया गया। छात्र-छात्राओं को जैविक फार्म हाउस पर कृषि से संबंधित विभिन्न प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष ने जैविक फार्म हाउस ग्राम ढोंढ़ा में शुक्रवार को विद्यार्थियों को जीवामृत, केंचुआ खाद प्रायोगिक दिखाकर सिखाया साथ ही जीवामृत मे सूक्ष्म जीवों की मात्रा प्रत्येक 2 घंटे मे दोगुना बढ़ता है। केंचुआ खाद बनाने का प्रायोगिक दिखाया साथ ही जैविक व प्राकृतिक खेती पर विस्तृत जानकारी दी।

### प्राकृतिक खेती धरती मां की सेवा है

फार्म हाउस में लगी सब्जियों में बताया कि कैसे हम जैविक खेती कर सकते हैं। केला, पपीता, अदरक, करेला, ककड़ी, सेमी, मूली, टमाटर, गोभी, भटा, आलू, मटर आदि को देखा और विद्यार्थियों ने इसकी सराहना की। प्राकृतिक खेती केवल खेती पद्धति नहीं, बल्कि धरती मां की सेवा और मानवता के स्वास्थ्य की रक्षा का संकल्प है। एक देशी गाय के गोबर और गौमूत्र से 30 एकड़ भूमि तक को उपजाऊ बनाया जा सकता है, यही इस पद्धति की शक्ति है।

### स्वास्थ्यप्रद आहार उपलब्ध कराना उद्देश्य

हमारा लक्ष्य आने वाली पीढ़ियों को फसल ही नहीं, बल्कि उपजाऊ धरती का अमूल्य उपहार देना है। समाज को जहरमुक्त, स्वास्थ्यप्रद आहार उपलब्ध कराना इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। विद्यार्थियों को पारंपरिक कृषि के साथ-साथ आधुनिक, टिकाऊ और पर्यावरण सम्मत खेती के तरीकों से अवगत कराना प्राथमिकता रही। कार्यक्रम में जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू, प्राचार्य एन सी झारिया, प्रशिक्षक राहुल गौतम, सतीश पाठक,माधवी अग्रवाल, संध्या लोधी,साधना पटले, विवेक पाल और समस्त स्टाफ व 40 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण मुक्त कराई गई 15 एकड़ वनभूमि

▶ कुचवाही में वन विभाग की कार्यवाही

**चिल्हारी नवभारत 12 दिसंबर।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र मानपुर अंतर्गत बीट कुचवाही में वन विभाग ने गुरुवार को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

फील्ड डायरेक्टर और उप संचालक के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में कुल 9 स्थानों पर किए गए अवैध कब्जे ध्वस्त किए गए। सूत्रों के अनुसार विभाग को जानकारी मिली थी कि कुछ लोगों ने वनभूमि पर बोवाई कर दी है, जबकि कई जगहों पर जुताई कर भूमि को खेती योग्य बनाया जा रहा था। मौके पर जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ स्थानों पर तार, बाड़, झोपड़ी और अन्य अस्थायी ढांचे बनाकर भूमि पर कब्जा जमाने की कोशिश की जा रही थी। वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी अवैध संरचनायें हटाईं तथा फेंसिंग तार, पाइप और अन्य सामग्री जब्त कर ली।

**असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की**-कार्रवाई के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश भी की गई। इस पर मानपुर परिक्षेत्र अधिकारी ने ताला चैकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में अतिक्रमण, जुताई, बुवाई तथा किसी भी प्रकार की कृषि गतिविधि पूर्णत: प्रतिबंधित है। विभाग ने कहा कि क्षेत्र में नियमित निगरानी जारी है और भविष्य में भी अवैध गतिविधियों पर इसी तरह कड़ी कार्रवाई की जाएगी।





# साईं बाबा की पालकी यात्रा ने मोहा मन

▶ स्थापना दिवस पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

**शहपुरा नवभारत 12 दिसंबर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में इस वर्ष भी साईं बाबा स्थापना दिवस बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। श्री साईं बाबा सेवा समिति और समस्त भक्तों द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार सुबह अखंड रामायण पाठ के शुभारंभ के साथ हुई। सुबह से ही परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जहां भक्तों ने रामायण पाठ में सहभागिता कर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली। विशेष रूप से सजाई गई पालकी में साईं बाबा की प्रतिमा विराजमान थी, जिसके पीछे-पीछे बड़ी संख्या में भक्त भाव-विभोर होकर 'साईंनाथ महाराज की जय' के जयघोष के साथ चल रहे थे।

**जगह-जगह की गई पुष्पवर्षा**

यात्रा ने नगर की प्रमुख सड़कों से गुजरते हुए सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। मार्ग में जगह-जगह स्वागत और पुष्पवर्षा की गई, जिससे माहौल भक्तिमय हो उठा। पालकी यात्रा के समापन के बाद आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर साईं बाबा के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। इसके उपरांत हवन और पूजन विधि-विधान से संपन्न हुए। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# शासकीय तालाब में हो रहा अतिक्रमण

▶ ग्राम पंचायत टिकुरी के सरपंच और सचिव नहीं दे रहे ध्यान

**चिल्हारी नवभारत 12 दिसंबर।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकुरी के शासकीय तालाब की मेड़ पर पिलर बनवाकर अतिक्रमण किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत टिकुरी के ग्रामीणों ने नवभारत से रुबरु होकर बताया कि उपरोक्त तालाब का निर्माण ग्राम पंचायत टिकुरी के पूर्व सरपंच सचिव द्वारा आम निस्तार के लिए महरोई रेल्वे स्टेशन के पास इन्दवार रोड में कराया गया था। कहा गया था कि भविष्य में कभी भी राहगीरों एवं यहां के बसाहट के लोगों को निस्तार के काम में उपरोक्त तालाब आएगा, किन्तु उपरोक्त तालाब में पानी नहीं होने के कारण अतिक्रमणकारियों की नजर तालाब भूमि पर लगी है, जो कि पिलर बनवाकर मकान बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

### तालाब को अतिक्रमण मुक्त किया जाए

एक ओर सरकार पानी सहेजने के लिए गांव-गांव बोरी बंधान कार्य कराकर पानी इकट्ठा करने का कार्य कर रही है, वहीं अतिक्रमणकारियों द्वारा तालाबों को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि सरपंच सचिव को उपरोक्त अतिक्रमण की जानकारी नहीं है, क्योंकि वह चौबीस घन्टें इसी मार्ग से गुजरते हैं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर से जनापेक्षा है कि उपरोक्त तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराया जाये ताकि लोगों को तालाब में निस्तार की सुविधा उपलब्ध हो सके।

# ताला स्थित रिसोर्ट के नाम बड़े और दर्शन छोटे

▶ गरीबों को मिलने वाले मुफ्त सरकारी नमक का कर रहे इस्तेमाल, उड़न दस्ते की कार्यवाही से खुली पोल

**चिल्हारी नवभारत** 12 दिसंबर। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व ताला में स्थित बड़े-बड़े रिजॉर्ट जहां भारतीय अमीर पर्यटक या विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन यहां के रिसोर्ट की स्थिति नाम बड़े और दर्शन छोटे साबित हो रही हैं।

दरअसल यहां पर पहुंचने वाले हर तरह के पर्यटक रिसोर्ट में कई तरह के पकवान का आनंद यह सोच कर लेते हैं कि यहां क्वालिटी और ब्रांड में उच्च गुणवत्ता रहती होगी, लेकिन उड़न दस्ता टीम द्वारा छापामार कार्रवाई के दौरान पूरी स्थिति की पोल खुल गई है। उड़न दस्ता टीम द्वारा




बांधवगढ़ में स्थित रिसोर्ट धरोहर कोठी की जांच की गई।

### नमक के 32 पैकेट किए जब्त

जांच में छत्तीसगढ सरकार द्वारा गरीबों को वितरित किए जाने वाला नि:शुल्क नमक अमृत रेस्टोरेंट में उपयोग करते पाया गया, जिसके 32 पैकेट मौके से ज़ब्त किए गए। संचालक के पास एफएसएसएआई का लाइसेंस भी नहीं पाया गया। भोजन बनाने में उपयोग होने वाला तेल का भी इस्तेमाल दो फूल सरसों का तेल का उपयोग किया जा रहा है, जबकि यह तेल भी उच्च गुणवत्ता का नहीं बताया जाता है।

### होटल व रिसोर्ट में अखाद्य कॉर्न फ्लोर का हो रहा था इस्तेमाल

कार्रवाई के दौरान मैनेजर अमित शुक्ला द्वारा दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर उनको काट दिया गया एव कार्यवाही में असहयोग किया गया। संचालक जयवर्धन कुरोथे एव मैनेजर अमित शुक्ला के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।जांच के दौरान ओलिव होटल एवं रिसोर्ट में किचन की जाच के दौरान चाईनीज खाद्य पदार्थों को बनाने में अखाद्य कॉर्न फ्लोर का उपयोग होना पाया गया, जिसका उपयोग कपड़ों को कलफ़ करने में किया जाता है।



# कालेज चलो अभियान टीम ने दो विद्यालयों का किया भ्रमण

**चिल्हारी नवभारत।** जिले के मानपुर विधानसभा मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय की कॉलेज चलो अभियान टीम द्वारा शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को कालेज चलो अभियान सत्र 2026-27 के अन्तर्गत राजीव श्रीवास्तव व्याख्याता एवं उनकी टीम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोवर्दे एवं पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजौरी का भ्रमण किया गया। उक्त विद्यालय के 12वीं के छात्रों को महाविद्यालय की विशेष सुविधाएं.विषय का चयन.सरकार की योजनाओं से अवगत कराने के साथ अपने पैरेंट्स के साथ महाविद्यालय में आने का न्यौता दिया गया।

# गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जाए

▶ सीएमएचओ की अध्यक्षता में करकेली में बैठक आयोजित

**नवभारत उमरिया 12 दिसंबर।** विकासखंड कार्यालय करकेली में आशा सुपरवाइजरों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीएस चंदेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना, मातृ स्वास्थ्य में समय पर जांच एवं सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना तथा फील्ड स्तर पर सेवाओं की प्रभावी निगरानी करना था। बैठक में कहा गया कि सभी गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच समय पर और पूर्ण रूप से कराई जाएं। इसमें 4 ए एन सी, टीटी टीकाकरण, एच बी जांच, बी पी , वजन, मूत्र-जांच एवं प्रसव पूर्व परामर्श शामिल हैं।



### समय पर रेफरल अनिवार्य

क्षेत्र में मातृ मृत्यु शून्य रखने हेतु एचआरपी महिलाओं की पहचान, घर-घर फॉलोअप एवं समय पर रेफरल अनिवार्य बताया गया। सभी आशा सुपरवाइजरों को निरंतर फील्ड मॉनिटरिंग कर आशाओं के कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीएस चंदेल ने निर्देशित किया।

### मानसिक स्वास्थ्य का मूल्यांकन है आवश्यक

उन्होंने कहा कि गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य का मूल्यांकन अत्यंत आवश्यक है, तथा तनाव, अवसाद या चिंता के लक्षणों की पहचान कर समय पर परामर्श एवं रेफरल सुनिश्चित किया जाए। सीएमएचओ द्वारा सभी आशा एवं सुपरवाइजरों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे अपने मोबाइल में मनहित एप अनिवार्य रूप से डाउनलोड करें, आशाओं को गर्भवती एवं धात्री महिलाओं में पोषण, संस्थागत प्रसव, नवजात देखभाल, परिवार नियोजन जैसी सेवाओं व जागरूकता कार्यों को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी फील्ड स्टाफ को अपने उत्तरदायित्व को संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ निभाना होगा। बैठक के अंत में डॉ. चंदेल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी सुपरवाइजरों को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रेरित किया तथा प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# फरियादी को ही धमका रहे ग्राम ताला के चौकी प्रभारी

▶ चोरी की शिकायत नहीं कर रहे दर्ज, पुलिस पर चोरों से सांठगांठ का आरोप

**नवभारत उमरिया 12 दिसंबर।** जिले के मानपुर विधानसभा मुख्यालय स्थित विश्व विख्यात बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व स्थित ग्राम ताला के चौकी प्रभारी की चोरों ने सांठगांठ नजर आ रही है। चोर सक्रिय होकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं, वहीं फरियादी जब अपनी फरियाद लेकर चौकी पहुंचता है तो कार्यवाही की बजाय पुलिस उल्टा पीड़ित फरियादी को ही खरी खोटी सुनाकर धमकाने लगते हैं। इतना ही नहीं शिकायत वापस लेने का दबाव भी बनाया जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मानपुर निवासी विनोद गुप्ता पिता रेखन लाला गुप्ता जो आज कई वर्षों से ताला चौकी अंतर्गत ग्राम रंछा में किराना दुकान खोल कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। विगत दिनों वह शादी समारोह में गए हुए थे, जिसका फायदा उठा कर गांव के ही चोरों ने उनकी दुकान पर धावा बोल दिया था।



### चोर ने छानी तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया

चोरी की जानकारी पड़ोसी द्वारा पुलिस को दी गई। इसके बाद ताला चौकी प्रभारी के साथ दुकानदार मौके पर पहुंचे, जहां भारी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे और मौका निरीक्षण के दौरान अनुमान लगाया गया कि चोर ने छानी को तोड़ कर घर के अंदर प्रवेश किया होगा। इसके बाद चोरों ने घर के अंदर ही शराब पी और वहीं पर उल्टी इत्यादि की। इसके बाद दुकान का सारा सामान ढोकर ले गए। पुलिस ने भी दुकान में चोरी होने की बात कबूली और जल्द ही आरोपियों को पकड़ कर कानूनी कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

### पुलिस ने एक माह बाद भी कार्यवाही नहीं की

घटना के एक महीने के बाद भी ताला चौकी प्रभारी द्वारा मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई। इतना ही नहीं पीड़ित गरीब दुकानदार द्वारा अपने स्तर पर पतासाजी करते हुए चोरों के नाम भी पुलिस को बताये। इसके बाद भी पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही। हद तो तब हो गई जब ताला चौकी पुलिस द्वारा उल्टा पीड़ित गरीब फरियादी को ही धमकी देने लगे और कहने लगे की अब बहुत हो गया अब सब कुछ भूल जाओ और अपना काम करो।

### दुकान में दोबारा चोरी हुई

पीड़ित गरीब दुकानदार ने बताया कि कुछ वर्ष पहले भी मेरे दुकान में चोरी हो चुकी है। पहले भी कोई कार्यवाही नहीं की गई थी और अब दोबारा चोरी हो गई। शिकायत के बाद भी पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही। इतना ही नही मानपुर थाना प्रभारी के पास भी जाकर अपनी फरियाद सुनाई, जिन्होंने भी कार्यवाही का भरोसा दिया, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।